दिनांक–21.10.2026 को विशेष सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में सभी पदाधिकारियों के साथ CGRC पर लंबित शिकायतों के संबंध में आयोजित समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाहीः–

❖मुख्यमंत्री, कार्यालय के स्तर से कराए गए Surprise Inspection में योजनाओं की जाँच के क्रम में लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, झंझारपुर में कई योजनाएं बंद पाई गई हैं एवं मुख्यालय स्तर से निर्देश देने के बावजूद भी बंद योजनाओं को अभी तक चालू नहीं कराया गया है और न ही संवेदक के ऊपर कोई कार्रवाई की गई है। उक्त के आलोक में अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल–दरभंगा एवं कार्यपालक अभियंता–लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, झंझारपुर का प्रशाखा–05/11 से अगले आदेश तक वेतन स्थगित करते हुए स्पष्टीकरण करने का निदेश दिया गया एवं संबंधित अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया है कि बंद योजनाओं को यथाशीघ्र चालू कराना सुनिश्चित करें।

अनुपालनः– अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य परियोजना कार्य अंचल, पटना /संबंधित अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता।

❖मुख्यमंत्री, कार्यालय के स्तर से कराए गए Surprise Inspection में योजनाओं की जाँच के क्रम में लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सिवान में कई योजनाएं बंद पाई गई हैं एवं मुख्यालय स्तर से निर्देश देने के बावजूद भी बंद योजनाओं को अभी तक चालू नहीं कराया गया है। उक्त के आलोक में कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सिवान का प्रशाखा–05/11 से अगले आदेश तक वेतन स्थगित करते हुए स्पष्टीकरण करने का निदेश दिया गया एवं संबंधित अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया है कि बंद योजनाओं को यथाशीघ्र चालू कराना सुनिश्चित करें।

अनुपालनः– अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य परियोजना कार्य अंचल, पटना /संबंधित अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता

❖मुख्यमंत्री, कार्यालय के स्तर से कराए गए Surprise Inspection में योजनाओं की जाँच के क्रम में लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मधेपुरा में कई योजनाएं बंद पाई गई हैं एवं मुख्यालय स्तर से निर्देश देने के बावजूद भी बंद योजनाओं को अभी तक चालू नहीं कराया गया है। अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल, सहरसा से इस पर पृच्छा की गई तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। उक्त के आलोक में अधीक्षण अभियंता– लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल, सहरसा को निदेशित किया गया है कि अपने क्षेत्राधीन सभी प्रमंडलों के सभी योजनाओं का जांच कर जांच प्रतिवेदन उपलब्ध करना सुनिश्चित करें।

अनुपालनः– अधीक्षण अभियंता, अचंल–सहरसा।

❖मुख्यमंत्री, कार्यालय के स्तर से कराए गए Surprise Inspection में योजनाओं की जाँच के क्रम में सभी अधीक्षण अभियंताओं को निदेशित किया गया कि अपने अधीनस्थ प्रमंडलों के कार्यपालक अभियंताओं द्वारा उक्त योजनाओं का ATR अविलंब MIS Portal पर अपलोड कराना सुनिश्चित करेंगे।

अनुपालनः–सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता।

❖अधीक्षण अभियंता (जल गुणवत्ता अनुश्रवण), दक्षिण बिहार को निदेशित किया गया है कि सभी बंद योजनाओं का डाटा तैयार कर प्रतिवेदन समर्पित करें।

अनुपालनः– अधीक्षण अभियंता (जल गुणवत्ता अनुश्रवण),दक्षिण बिहार ।

❖समीक्षा के क्रम में सभी प्रमंडलों को निदेशित किया है कि मुख्यमंत्री, कार्यालय के स्तर से कराए जा रहे एवं कराए गए Surprise Inspection में योजनाओं की जाँच के क्रम कोई भी योजना बंद न पाए अगर किसी भी कारण से योजना बंद पाई गई है तो उन सभी योजनाओं को भी यथाशीघ्र चालू कराना सुनिश्चित करें।

अनुपालनः–सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता।

❖सभी कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया कि टैंकों की सफाई में अपने प्रतिदिन निर्धारित लक्ष्य को पूरा करते हुए MIS Portal पर प्रविष्टि कराना सुनिश्चित करेंगे। इसका सतत अनुश्रवण सभी अधीक्षण अभियंता अपने स्तर से करते हुए निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे।

अनुपालनः– सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता।

❖CGRC Portal पर प्रतिदिन प्राप्त शिकायतों का 24 घंटे के अंदर निराकरण कराने का सख्त निदेश सभी प्रमंडलों को दिया गया। इसका सतत अनुश्रवण सभी अधीक्षण अभियंता अपने स्तर से करते हुए 24 घंटे के अंदर निष्पादन कराना सुनिश्चित करेंगे।

अनुपालनः– सभी अधीक्षण अभियंता/ सभी कार्यपालक अभियंता।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही संपन्न की गई।

30.10.26

(संजीव कुमार)
विशेष सचिव

ज्ञापांकः–14/वि0क–101/24–914 दिनांक– 03/11/26

प्रतिलिपिः–सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग बिहार/सभी अधीक्षण अभियंता (यांत्रिक सहित), लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल, बिहार/सभी कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बिहार, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव(मु0)

ज्ञापांकः– 14/वि0क–101/24–914 दिनांक– 03/11/26

प्रतिलिपिः– अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु0/का0प्र0)/अपर सचिव/सभी मुख्य अभियंता (उत्तर बिहार/दक्षिण बिहार/यांत्रिक/अनुश्रवण)/अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य परियोजना कार्य अंचल, पटना/विशेष कार्य पदाधिकारी/सभी संबंधित नोडल पदाधिकारी/सभी प्रशाखा पदाधिकारी/आइटी मैनेजर, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव(मु0)

ज्ञापांकः– 14/वि0क–101/24–914 दिनांक– 03/11/26

प्रतिलिपिः– सचिव के प्रधान आप्त सचिव/विशेष सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव(मु0)